**खबर संक्षेप**



## महाविद्यालय में गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सुस्वर पाठ

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में गीता जयंती के अवसर पर सामूहिक रूप से गीता के 15वें अध्याय का सुस्वर पाठ किया गया। प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता हमें कर्तव्यबोध, शांति और आत्म विश्वास प्रदान करती है। डॉ. जयप्रकाश अवस्थी ने गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने पर बल देते हुए कहा कि गीता के अध्ययन से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। सहायक प्राध्यापक अभिलाषा चौरसिया ने मीरा की पदावली की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मीरा एवं सूरदास के भजनों का मधुर गायन किया।इस मौके पर डॉ. दीपिका जैन,डॉ. नीमा सिंह, डॉ. राजाराम सूर्यवंशी, डॉ. जयश्री शुक्ला, डॉ. दिव्या शुक्ला, डॉ. ईश्वरदीन चौधरी, डॉ. रहबर रजा मंसूरी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्रीमद भागवत महापुराण व ध्वजारोहण महोत्सव आज से

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उत्तमपुर टिकुरी स्थित हरिदास महाराज मंदिर में श्रीमद भागवत महापुराण 3 दिसंबर यानि आज प्रारम्भ होगा जो 10 दिसंबर तक चलेगा। श्रीमद भागवत महापुराण में ध्वजारोहण महोत्सव भी होगा। श्रीमद भागवत महापुराण में संगीतमय भागवत कथा होगी। कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जायेगा। मंदिर आयोजक समिति ने बताया कि ध्वजारोहण महोत्सव के तहत आज भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद भागवत महापुराण प्रारम्भ होगा। 6 दिसंबर को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 8 दिसंबर को श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाहोत्सव, 9 दिसंबर को श्रीकृष्ण -सुदामा चरित्र की कथा होगी साथ ही ध्वजारोहण महोत्सव होगा!10 दिसंबर को कन्या पूजन के साथ कन्या भोज व विशाल भंडारा होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रिय जनों से कथास्थल पहुंचकर धर्मलाभ लेने अपील की है।

## बका लेकर दहशत फैला रहे युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**उमरियापान।** बका लेकर लोगों को डरा–धमका रहे एक युवक को उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरियापान के वार्ड नं 2 निवासी अशोक पिता विनोद कोल बड़ी माई मंदिर के पास लोहे का बका लेकर राहगीरों को धमका रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार किया।

### धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर जिला प्रशासन का सख्त रूख, निरीक्षण कर की जा रही कार्रवाई

# कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप : पहाड़ी के दो गोदाम प्रशासन ने किये सील, 3441 बोरी अवैध भंडारित धान सहित वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन की सख्ती की वजह से जिले में समर्थन मूल्य पर अवैध रूप से धान की बिक्री करने की मंशा रखने वाले धान के अवैध भंडारण और परिवहन में लिप्त लोगों पर हो रही ताबड़तोड कार्यवाहियों की वजह से उनके कुत्सित मंसूबों पर पानी फिर गया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा धान के अवैध भंडारण में लिप्त दलालों व व्यापारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के दिये निर्देश के बाद जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण और छापेमारी की कार्यवाही सतत रूप से जारी है।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के परिपालन में मंगलवार को राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल ने कटनी तहसील के ग्राम पंचायत पहाड़ी में आकस्मिक रूप से दबिश देकर कुल 3 हजार 441 बोरी अवैध भंडारित धान जब्त किया। जिसमें 3 हजार 221 बोरी धान राहुल जैन और 200 बोरी जब्त अवैध धान विकास जैन की शामिल है।





कलेक्टर के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल द्वारा समर्थन मूल्य पर बीते सोमवार से शुरू हुई धान खरीदी के पहले से ही धान के अवैध भंडारण के विरूद्ध मुहिम चलाकर जांच और छापेमारी करने का कार्य किया जा रहा है।

अवैध भंडारित धान के संबंध में जांच दल को राहुल जैन द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज व अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने पर पुरानी जैन धर्मशाला पहाड़ी में रखी 2055 बोरी और फर्नीचर गोदाम में भंडारित 790 बोरी भंडारित अवैध धान के गोदाम को जांच दल ने सीलबंद कर दिया है। इसके अलावा संतोष पटेल के आवास में अवैध रूप से भंडारित 186 बोरी धान की अभिरक्षा हेतु राहुल जैन की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।

### धान सहित वाहन जब्त

इसी प्रकार वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 0662 से अवैध रूप से परिवहन करने हेतु वाहन में लोड 200 बोरी धान वाहन सहित जब्त कर पुलिस चौकी निवार की अभिरक्षा में दिया गया है। इसके वाहन चालक और वाहन मालिक द्वारा धान के स्त्रोत एवं परिवहन अनुमति संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं फर्नीचर गोदाम में 790 बोरी धान अवैध रूप से संचित पाई गई। गोदाम संचालक द्वारा भंडारण अनुमति या खरीद संबंधी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। गोदाम को सील कर बंद किया गया तथा आगे की जांच के लिए धान को सुरक्षित रूप से चिन्हित किया गया। जबकि संतोष पटेल के आवास में 186 बोरी धान संचित पाई गई। जांच दल को पूछताछ में धान पर राहुल जैन का दावा पाया गया। जिन्हें बिना दस्तावेज प्रस्तुत किए मौखिक रूप से धान का स्वामित्व बताया। उचित अभिरक्षा सुनिश्चित करने हेतु धान को राहुल जैन की सुपुर्दगी में दिया गया, साथ ही उनके खिलाफ जांच जारी रखने का निर्णय लिया गया।

पुछताछ में राहुल जैन द्वारा बताया गया कि धान उन्हीं के द्वारा भंडारित की गई थी। किंतु वह किसी प्रकार का बिल, खरीद विवरण, परिवहन अनुमति या भंडारण लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके।

इसके अलावा विकास जैन से 210 बोरी धान जप्त की गई। ये भी बिना किसी वैध दस्तावेज के पाई गईं, इसलिए इन्हें भी प्रकरण में सम्मिलित करते हुए आगे की विवेचना में लिया गया।

दस्तावेजों के अभाव अनियमित भंडारण, संदेहास्पद गतिविधियों को देखते हुये संयुक्त जांच टीम ने मंडी अधिनियम 1972 के अंतर्गत जप्त कर अग्रिम विवेचना हेतु दर्ज किया। सभी जब्त धान को नियमानुसार पंचनामा तैयार कर अभिलेखों में दर्ज करने की कार्ववाही की गई है।

### ये रहे कार्यवाही में शामिल

अवैध भंडारण के विरूद्ध यह कार्यवाही एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित जांच दल ने किया। जिसमें तहसीलदार अतुलेश सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, मंडी निरीक्षक सी एस मरावी, सहायक उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी, प्रशांत मौर्य और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकास पटेल शामिल रहे।

## पैसों के लेन देन, जमीनी धोखाधड़ी सहित 24 शिकायतों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आम नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सभी प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में इस बार कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें प्रमुख रूप से आपसी विवाद, पारिवारिक कलह, पैसों का लेनदेन, जमीन एवं प्लॉट से संबंधित धोखाधड़ी, सुनवाई न होने, महिला संबंधी अपराधों तथा अन्य पुलिस मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदक की समस्या विस्तार से सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में अन्य विभागों की भूमिका पाई गई, उनमें आवेदकों को संबंधित विभाग से भी संपर्क करने की सलाह दी गई।जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी भी उपस्थित रहे और निर्देशानुसार आवेदकों की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की।




*पशु चिकित्सकों, मैत्री कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण*

## पशुओं की नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर आगामी वर्षों में 20 प्रतिशत ले जाने के लक्ष्य के साथ दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ किया जा रहा है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला उद्योग केन्द्र सभागार कटनी में जिले के समस्त पशु चिकित्सकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारियों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं का जिला स्तरीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. आर के सोनी ने बताया कि इस अभियान में ऐसे सभी पशुपालक जिनके पास 5 से लेकर 9 तक गौवंश एवं भैंस वंशीय पशु हैं, उनको चिन्हित कर, उनके ग्राम या वार्डों में गृह भेंट देकर पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण एवं नस्ल सुधार के बारे में जानकारी देकर, पशुपालन को कैसे लाभकारी व्यवसाय बनाया जाए इस पर जानकारी दी जाएगी।



दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु उत्तम पोषण आहार, चारा उत्पादन, पशु रोग टीकाकरण, बधियाकरण, उपचार के महत्व तथा नस्ल सुधार के क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान, सेक्स सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान, नियमित पशु गर्भ जांच, बांझ पशुओ का उपचार जैसे विभिन्न उपायों के बारे में पशुपालन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा पशु पालकों को व्यक्तिगत संवाद से अवगत कराया जायेगा। विभागीय स्टाफ एवं मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा पशुपालकों से उनके ही परिवेश, बोली, भाषा में संवाद कौशल का उपयोग करने हेतु विशेष प्रशिक्षण माड्यूल के साथ यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो कि विकास खंड स्तर पर भी दिया जायेगा। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकास खंडों के 9 पशु चिकित्सक, 23 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, 38 मैत्री कार्यकर्ता एवं गौ सेवक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया।

*कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन*

## आदिवासियों के हितों एवं जंगलों की सुरक्षा के लिए आवंटित कोल ब्लाक को रद्द करने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें सिंगरौली जिले में अडानी ग्रुप को आबंटित कोल ब्लॉक को तत्काल रद्द करने, वन कटाई पर रोक लगाने तथा स्थानीय आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लगभग 1400 हेक्टेयर वन क्षेत्र को प्रभावित करने वाला यह निर्णय न केवल पर्यावरणीय संकट को जन्म देगा, बल्कि PVTG सहित मूल निवासी समुदायों की सांस्कृतिक, सामाजिक और जीवनगत सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न करेगा।



कांग्रेस कमेटी ने सरकार से आग्रह किया कि आदिवासी क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले ऐसे निर्णयों पर पुनर्विचार किया जाए और जनहित व जंगलों की रक्षा के लिये तत्काल उचित कार्रवाई की जाए। जिसमें मुख्य रूप से आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय कोल रहे और सरकार के प्रति अपना विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान मुख्य रूप से आदिवासी प्रकोष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष ओमकार सिंह तेकाम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा जगवानी, एड.भूपेश जायसवाल, पूर्व पार्षद राजेश जाटव, तुलाराम गोटिया, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण निषाद, दुर्गावती, बड़वारा ब्लॉक अध्यक्ष विकास निगम, संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार, नकदी सहित 3 बाईकें जब्त



**कटनी।** बिलहरी पुलिस ने 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने जलासुर तालाब के पास जंगल में दबिश देकर 7 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया तथा थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जुआरियों के पास से 7,450 रूपए, 3 मोटर साइकिल भी जब्त की गई। जुआरियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## सड़क हादसे में दो की मौत, चार अन्य गंभीर

**कटनी।** मैहर की मां शारदा माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहा नागपुर का परिवार का सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आई और वाहन अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसा। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिसमें दो लोगों की मौत मौके पर हो गयी। गंभीर रूप से घायलों को तुरंत ही जिला अस्पताल कटनी लाया गया है जहा उनका उपचार जारी है। हादसा अमदरा थाना क्षेत्र मे नेशनल हाईवे पर हुआ। जानकारी के अनुसार घायलों में रामदास डोंगरे 60 वर्ष नागपुर, सारिका विसेंन 28 वर्ष सारंग टाटा पंच से थे। नेहा डोंगरे 25 पति निखिल सत्यभामा रामदास डोंगरे 60 विहान रमधम 4 माह शामिल है।

## लापरवाही पर दो वार्ड दरोगाओं को शोकाज नोटिस

**कटनी।** शहर की सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाने के प्रयासों के तहत निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार मंगलवार प्रातः उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर पहुंची और वहां की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था में कसावट लाने के निर्देश मौजूदा अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक सुशांत सिंह परिहार एवं क्षेत्रीय वार्ड दरोगा मौजूद रहे। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा माधवनगर में उप कार्यालय स्थित ग्राम पंचायत चौराहे की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सड़क किनारे की धूल मिट्टी की सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने मार्ग की सफाई उपरांत तुरंत ही कचरे का उठाव कार्य किये जाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी नहीं रखने वाले वार्ड दरोगा दीपक जानोकर तथा वार्ड की सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने पर वार्ड दरोगा अनिल मेहतो पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायत अटेंड नहीं करने पर हुई कार्यवाही

# सहायक यंत्री का काटे वेतन और वाणिज्यिक कर अधिकारी का रोके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने समय-सीमा बैठक में अभियान चलाकर मिशन मोड में ई-केवाईसी और आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले नगर निगम के एल-1 सहायक यंत्री अनिल जायसवाल का वेतन काटने और शिकायत अटेंड नहीं करने पर वाणिज्यिक कर अधिकारी चन्द्रकुंवर सिंह के आगामी माह का वेतन आहरित नहीं करने का निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।



कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को ताकीद किया कि वे प्रतिदिन ई-ऑफिस को लॉगिन कर निराकरण हेतु प्राप्त फाइलों का अवलोकन और उनका निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की जाने वाली नलजल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिये।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने डी ग्रेड में शामिल खनिज, जलसंसाधन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पीएचई, आदिम जाति कल्याण एवं नगरीय विकास विभाग को अपनी श्रेणी में सुधार करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने भू-अर्जन, मुआवजा वितरण और शासकीय विभागों को भूमि आवंटन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने अभिलेख दुरूस्ती और अभिलेख स्कैनिंग कार्य में गति लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने फार्मर आईडी की समीक्षा के दौरान बहोरीबंद तहसील को इसमें शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश देते हुये सभी को आवंटित लक्ष्य के निर्धारण का परीक्षण करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि न्यायालय में लंबित मामलों में समय पर जवाबदाबा प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित हो। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड बनाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर को निर्देशित किया। कलेक्टर ने आभा आईडी में 100 फीसदी प्रगति और अपार आईडी एवं ग्राम पंचायतों में लगाये जा रहे आधार शिविरों में अधिक से अधिक छात्रों के आधार कार्ड बनवाने व त्रुटि सुधार आदि कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मत्स्य विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के मामले में एलडीएम मेझरस किंडो को सहायक संचालक मत्स्योद्योग के साथ समन्वय कर किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने एलडीएम को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत नगर निगम द्वारा प्रेषित प्रकरणों में भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं द्वारा ऋण वितरण कराने का दायित्व सौंपा।






## खबर संक्षेप

### पेयजल सप्लाई के समय में हुआ आंशिक परिवर्तन

**कटनी।** वर्तमान में पड़ रही शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार शहर की पेयजल सप्लाई के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा द्वारा जारी सूचना के अनुसार सिविल लाइन स्थित मुख्य पानी टंकी एवं जंगल दफ्तर पानी टंकी से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति अब संशोधित समय प्रातः 6:15 बजे के स्थान पर 6:45 बजे तथा 7 बजे के स्थान पर 7:30 बजे तक पेयजल आपूर्ति प्रारंभ की जायेगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे नए समय के अनुसार आवश्यक तैयारी रखें। नगर पालिक निगम द्वारा यह निर्णय सर्दी के मौसम में पानी की मांग एवं आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

### अतिक्रमण दस्ते ने वसूला 3 हजार रुपये का जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने के मद्देनजर निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप मुख्य एवं अन्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। निगमायुक्त के निर्देशानुसार सुगम आवागमन तथा सफाई व्यवस्था के मद्देनजर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान तिलक कॉलेज के सामने मुकेश कबाड़ी, लल्लू कबाड़ी, और गणेश वंशकार द्वारा सार्वजनिक मार्ग में कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन प्रभावित करते पाए जाने पर 3 हजार का जुर्माना आरोपित किया गया। इस दौरान कबाड़ का व्यवसाय करनें वाले व्यवसाई को सार्वजनिक मार्ग सड़क पर दुकान लगाकर अथवा सामग्री रखकर यातायात प्रभावित न करने की समझाइश भी दी गई। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित अमले की मौजूदगी रही।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु हुई बैठक

**कटनी।** आगामी 13 दिसंबर को जिले में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामे के आधार पर अधिक से अधिक लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय कटनी के कॉफ्रेस हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जेपी चड़ार ने समस्त मजिस्ट्रेटों के साथ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के अधिक से अधिक राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव जिला, विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक न्यायालय में लंबित प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण कराये जाने हेतु आमजन से अपील की।

### किसान 15 जनवरी तक बेंच सकेंगे कोदो-कुटकी

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार हो रहे कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु किसानों की सुविधा के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर म.प्र. राज्य वेयर हाउस, मझगंवा, बड़वारा को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। कोदो-कुटकी की खरीदी सोमवार से शुरू हो चुकी है। यह खरीदी 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस उपार्जन केंद्र का संचालन संगम बी.डी. कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जाएगा। जिले के 309 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी फसल बेचने के लिए पंजीयन कराया है। श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ-2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे। उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल ने सभी पंजीकृत किसानों से उपज बेचने अपील की है।

---

### धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर जिला प्रशासन की सख्त निगहबानी

# सख्त कार्यवाही : सवा लाख रूपये का जुर्माना, वेयरहाउस किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एसडीएम कटनी के नेतृत्व वाले जांच दल द्वारा कुठला स्थित के.जी. चौदहा वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया और इस गोदाम में जांच दल द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण के दौरान पाई गई 18 हजार 600 बोरी भंडारित धान के संबंध में अभिलेख नहीं देने पर वेयरहाउस को सील कर जांच संस्थित कर दी गई है।



#### 8 गोदामों की हुई जांच

जिले में किसानों के अलावा दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री न हो यह सुनिश्चित कराने के लिये कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर संयुक्त जांच दल द्वारा 19 नवंबर एवं 26 नवंबर को 8 गोदामों की जांच की गई थी। जिसमें से दो गोदाम क्रमशः सांवरिया व श्रीजी वेयर हाउस में धान का भण्डारण नहीं पाया गया था।

#### व्यापारियों से वसूला जा रहा जुर्माना

8 में से छः गोदामों क्रमशः रामाकृष्णा वेयरहाउस बायपास कटनी में जांच उपरांत पाई गई 3 हजार 14 क्विंटल धान में से 1662.8 क्विंटल धान का मंडी शुल्क भुगतान होना पाया गया। जबकि 261.2 क्विंटल धान के लिये व्यापारी आकृति ट्रेडर्स द्वारा पेनाल्टी सहित 37 हजार 128 रूपये कृषि उपज मंडी में जमा कराये गये। भंडारित धान में से 77.76 क्विंटल धान बीज के रूप में भण्डारित होने के कारण मंडी शुल्क से छूट की श्रेणी पाई गई। इसके अतिरिक्त 1012.24 क्विंटल धान पर देय मंडी शुल्क 1 लाख 3 हजार 755 रूपये, दाण्डिक निराश्रित शुल्क 20 हजार 751 रूपये की वसूली गोदाम संचालक से किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर दिया गया है।

इसी प्रकार मधुर नीलकण्ठ वेयरहाउस में कुल 3 हजार 407 बोरी धान भण्डारित पाई गई थी, इसके संचालक द्वारा दिये गये दस्तावेजों का परीक्षण करने पर रकबा अनुसार अधिकतम मात्रा तथा जमा मात्रा में काफी अंतर पाया गया। इस सम्बंध में कार्यवाही प्रचलित और प्रक्रियाधीन है।

इसके अतिरिक्त शेष 3 गोदाम क्रमशः श्रीनिवास वेयरहाउस, गुप्ता वेयरहाउस, मधुर महादेव वेयरहाउस में जांचदल द्वारा अभिलेखों का परीक्षण कार्य जारी है। जल्द ही कार्यवाही की जायेगी।

#### भंडारित धान की निकासी 20 जनवरी तक रहेगी प्रतिबंधित

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के मद्देनजर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के व्यापारियों द्वारा क्रय कर भंडारित की गई धान की निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा प्रतिबंध लगाने संबंधी जारी आदेश उपार्जन अवधि 20 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में धान निकासी की अनुमति संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा लिखित में दिये जाने पर अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में निकासी की जायेंगी। अनुमति के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी स्थिति में यह धान उपार्जन केंद्र में विक्रय हेतु नहीं लाई जाये।

---



## जहरीला धुंआ बढ़ा रहा प्रदूषण ग्रामीणों को बना रहा बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

क्षेत्र में संचालित कंपनियों से निकलने वाला धुंआ न सिर्फ पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है बल्कि लोगों को भी बीमार बना रहा है। मंगलवार को भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी और तहसील उपाध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने बड़वारा तहसीलदार को शिकायत पत्र के माध्यम से लोगों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि तहसील के अंतर्गत कई कंपनियां संचालित है जो कि नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। भगनवारा पंचायत के अंतर्गत ग्राम बम्हनगवा में अक्षर एनर्जी कंपनियां संचालित है। जहां से 24 घंटे विषैला धुआं निकलता रहता हैजिससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इन कंपनियों के ऊपर पर्यावरण प्रदूषण संरक्षण अधिनियम के तहत धारा 268, 294A कार्रवाई की जाए। भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी ने बताया कि कंपनियों से निकलने वाला जहरीला धुआं मानव जीवन एवं पशु पक्षियों के लिए खतरा बन रहा है। कंपनियों के विषैले धुएं से कई प्रकार की जानलेवा बीमारी उत्पन्न हो रही है जैसे आंखों में जलन, सिर दर्द, फेफड़ों में कैंसर, एवं अन्य घातक बीमारियां पैदा हो रही है । फसलों एवं जनजीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

#### तो करेंगे आंदोलन

इन कंपनियों पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाए । यदि जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की जाती है तो भीम आर्मी भारत एकता मिशन आंदोलन बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी । इस मौके पर जय सूर्यवंशी, प्रियंका नामदेव ,अंग्रेज सिंह मौजूद रहे।

---

**बहोरीबंद महाविद्यालय में गीता जयंती पर कार्यक्रम आयोजित**

## युगों युगों तक मानव समुदाय का कल्याण एवं मार्गदर्शन करती रहेगी भागवत गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सोमवार को वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में गीता जयंती महाविद्यालय के प्राचार्य इंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रवीण गर्ग, डॉ खुशबू श्रीवास्तव, डॉ रश्मि पांडेय के संयोजन मै मनाई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया।

प्राचार्या इंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गीता जयंती वह पावन दिन है जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र मैं श्रीमदभागवत गीता का दिव्य ज्ञान दिया था। गीता का ज्ञान हर इंसान के जीवन का प्रकाश है, इसलिए गीता को पढ़े, समझे ओर



अपने जीवन में अपनाये। प्राचार्या ने कहा कि यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्!अर्थात कर्म की प्रधानता का बोध कराता भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का सार-ग्रंथ 'श्रीमद्भगवद्गीता' युगों-युगों तक मानव समुदाय का मार्गदर्शन व कल्याण करती रहेगी।

वहीं कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रवीण गर्ग ने कहा कि जब महाभारत का युद्ध शुरू हुआ तब अर्जुन ने शत्रुओं के रूप में अपनों को देखा! तब वह बहुत दुखी हो गए और उन्होंने कुरुक्षेत्र की रणभूमि में भगवान श्रीकृष्ण से कहा भगवन में यह युद्ध नहीं लड़ सकता। अर्जुन ने कहा की अपने ही बंधु बांधव और गुरु का वध करके में राज सुख नहीं भोग सकता हूं। कुछ समय पहले यही अर्जुन कौरवों की सेना का नाश करने का संकल्प ले चुके थे, पर शत्रु के रूप में अपनों को देखकर परिस्थिति वश अर्जुन कर्म से विमुख हो गए। कर्तव्य विमुख अर्जुन को सही राह पर लाने के लिए श्री कृष्ण ने जो उपदेश दिए वही गीता है। अतः हम कर्म और धर्म पर ही केन्द्रित रहे।महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं व गीता के श्लोक का वाचन किया गया। कार्यक्रम के अंत मै छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान नवीन गौतम, सुश्री दिव्या तिवारी, डॉ महिमा तिवारी, डॉ नीतू सोनी, डॉ अजय गोंड, डॉ विवेक शुक्ला, डॉ सरिता कुशवाहा, डॉ आशीष सोनी, पूजा साहू एवं स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

---

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी हरीश दुबे विशिष्ट अतिथि प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा एवं बीआरसी सी सी एस मरकाम रहे। जिला परियोजना समन्वयक एवं एपीसी आईईडी अनिल त्रिपाठी, बीआरसीसी सीएस मरकाम एवं एमआरसी पवन पारासर जनपद शिक्षा केन्द्र के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी दुवे, प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा, बीआरसीसी सीएस मरकाम द्वारा झंडी दिखाकर कार्यक्रम आरंभ किया गया जहां उपस्थित सभी कर्मचारियों के साथ सभी दिव्यांग बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली ,50 मीटर ,100 मीटर दौड़ ,चम्मच दौड़ ,कुर्सी दौड़ ,पेंटिंग आदि अन्य प्रतियोगिता करवाई गई विभिन्न विद्यालयों केदिव्यांग बच्चों ने सभी प्रतियोगिताओ में भाग लिया जिस में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार देने के उपरांत प्रतियोगिता मैं सम्मलित सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

---

## 166 वारंटी गिरफ्तार, 15 चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं सभी एसडीओपी के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान अपराध नियंत्रण, वारंट तामील, अवैध गतिविधियों पर रोकथाम तथा सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक कार्यवाही की गई।



पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में न्यायालय द्वारा जारी 34 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए। अभियान में 86 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गए। अपराधियों की निगरानी के तहत 70 गुंडा चेक किए गए। अचानक दबिश देकर 70 निगरानी बदमाशों की तलाशी एवं चेकिंग की गई।

अवैध परिवहन, विक्रय और सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन रोकने के लिए 36 आबकारी प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने 63 जमानती वारंट तामील किए। गश्त के दौरान 100 समंस तामील किए गए।

रात्रिकालीन वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इसमें 15 वाहन चालकों पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की गई।

जुआ खेलते पाए जाने पर 05 प्रकरण दर्ज किए गए। 1 आरोपी के पास अवैध हथियार मिलने पर मामला दर्ज। परिशांति भंग करने पर 09 आरोपियों पर कार्रवाई। परिशांति बनाए रखने हेतु 102 व्यक्तियों पर कार्रवाई। 21 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस का यह अभियान जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराधियों में भय कायम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। पुलिस ने आगे भी ऐसे अभियान निरंतर चलाने की बात कही है।

---

**उपज बेचने ई उपार्जन पोर्टल पर किसानों को करना होगा स्लॉट बुकिंग**

## बरही में धान उपार्जन कार्य के लिए 5 स्व-सहायता समूहों की दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर जिले में पंजीकृत कृषकों से धान उपार्जन का कार्य शुरू है। धान उपार्जन का कार्य 20 जनवरी तक किया जायेगा। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने बरही तहसील में धान उपार्जन हेतु 5 स्व-सहायता समूहों को धान उपार्जन का दायित्व सौंपा है और इनके पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं।

जारी आदेश के अनुसार उपार्जन केन्द्र पिपरियाकला-2 में उपार्जन का दायित्व गुलाब स्व-सहायता समूह पिपरियाकला को सौंपा गया है। जहां एच एन बी वेयरहाउस 149, पिपरियाकलां उपार्जन स्थल हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बम्हानन्द परस्ते को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार उपार्जन केन्द्र हदरहटा-1 में उपार्जन का दायित्व खुशी स्व-सहायता समूह, केवलारी को सौंपा गया हैं। जहां उपार्जन स्थल यशिका एग्रो वेयरहाउस कुंआ के नोडल हल्का पटवारी अनिल मुवेल होंगे। वहीं उपार्जन केन्द्र करेला में उपार्जन की जिम्मेदारी पार्वती स्व-सहायता समूह, करेला को मिली है। जहां उपार्जन स्थल करेला के नोडल हल्का पटवारी पुरूषोत्तम कुमार काछी होंगे। उपार्जन केन्द्र हदरहटा-2 का दायित्व शारदा स्व-सहायता समूह, करेला को सौंपा गया हैं। जहां उपार्जन स्थल हदरहटा के नोडल हल्का पटवारी राजेश कुमार सोनी होंगे। इसके अलावा उपार्जन स्थल बगैहा में उपार्जन की जिम्मेदारी रामजानकी स्व-सहायता समूह, करौंदीखुर्द को दी गई है। उपार्जन स्थल बगैहा के नोडल हल्का पटवारी अनुज सिंह पोरते होंगे।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य रूपये 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सांय 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी।

उपार्जन केन्द्र संचालन हेतु आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधन की व्यवस्था केन्द्र संचालन संस्था के द्वारा की जायेगी। उपार्जन केन्द्र पर एफएक्यू अनुसार नमूने प्रदर्शित किया जायेगा। उपार्जन केन्द्र पर एफएक्यू गुणवत्ता संबंधी बैनर का प्रदर्शन अनिवार्यतः किया जायेगा। गुणवत्ता सर्वेयर एप में सर्वेयर/प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर को पंजीकृत करना आवश्यक है। नान एफएक्यू धान को रिजेक्ट कर कृषक को अपग्रेड करने हेतु समझाइश दिया जाना तथा अमान्य उत्पाद का सेम्पल रखना अनिवार्य है।

ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग http://mpeuparjan.nic.in पर की जा सकेगी। कृषक के स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी।

---

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये त्वरित निराकरण के निर्देश

## जन सुनवाई में 145 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 145 आवेदकों की समस्यायें व शिकायते सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

ग्राम बंधी धुरी निवासी नरेश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त से मेरे खाते में राशि आना बंद हो गई है। पटवारी एवं तहसीलदार के समक्ष शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक मेरी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार बहोरीबंद को निश्चित समयावधि में शिकायत के निराकरण करने के निर्देश दिये।



ग्राम पोस्ट सिनगौंड़ी निवासी रामस्वरूप द्विवेदी ने अपने घर के बगल में लगी धान मिल को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा कि मैं दमा का रोगी हूँ। मिल से आने वाली धान की भूसी से मुझे परेशानी होती है। इसलिए धान मिल को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाये। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कटनी निवासी सुनीता केवट पति स्व. आनंद कुमार केवट ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पति कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 05 कटनी में भृत्य के पद पर पदस्थ थे। सेवा के दौरान ही वर्ष 2023 में उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद अनुकंपा नियुक्ति हेतु मैने वरिष्ठ कार्यालय को संपूर्ण दस्तावेज सहित आवेदन दिया था। परन्तु, अभी तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिली है।

#### कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह का किया प्रयास

कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास कर दिया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और संभावित बड़ी घटना टल गई। आत्मदाह का प्रयास करने वाला युवक भारत पटेल, निवासी ग्राम धूरी थाना स्लीमनाबाद अपनी पत्नी और परिवार के साथ जनसुनवाई में पहुँचा था। उसने बताया कि तीन वर्षों से वह लगातार आवेदन दे रहा है लेकिन उसकी सुनवाई के बजाय उस पर ही काउंटर केस, डिस्टर्बेंस, और फेक्चर केस दर्ज कर दिये गए। भारत पटेल का कहना था कि पुलिस और आरोपियों के दबाव के कारण उसका इलाज भी प्रभावित हुआ है और वह न्याय के लिए लगातार भटकता रहा लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी निराशा में उसने पेट्रोल डालकर अपनी जान देने की कोशिश की।

घटना को लेकर प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई और अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने अचानक बैग से पेट्रोल की बोतल निकाल ली और खुद पर उड़ेलना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत हरकत में आते हुए युवक को पकड़ लिया, पेट्रोल की बोतल छीनी और प्रशासन को सूचना दी। यदि कुछ सेकंड और बीत जाते, तो एक बड़ी घटना होना निश्चित था। घटना के बाद प्रशासन ने पीड़ित को शांत कराया और उसकी शिकायतों की तत्काल सुनवाई का आश्वासन दिया।

---

## सार्वजनिक मार्ग में कचरा, अपशिष्ट पदार्थ फेंकने पर तीन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त रुख अपनाते हुए तीन होटल संचालकों को नोटिस जारी किया है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विगत दिवस निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निरीक्षण के दौरान मुख्य स्टेशन रोड के सार्वजनिक मार्ग पर होटल संचालकों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी एवं कचरे के कारण आवागमन प्रभावित होने तथा न्यूसेंस उत्पन्न होना पाए जाने पर जिम्मेदार होटल संचालकों के विरुद्ध नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम 1956 की धाराओं का उल्लंघन पाए जाने पर जिन होटल संचालकों एवं टी स्टॉल संचालकों को नोटिस जारी किया गया है उनमें माँ जालपा भोजनालय सहित दो टी स्टॉल रवि टी स्टॉल एवं मुन्ना टी स्टॉल पान दुकान शामिल है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना नियमों के विरुद्ध है और इसके लिए दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान है। होटल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान से निकलनें वाले अपशिष्ट पदार्थ को नगर निगम के कचरा वाहन में डालें सार्वजनिक सड़क में न फेककर आसपास स्वच्छता बनाए रखें, विपरीत स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध अर्थदण्ड एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

निगम प्रशासन ने नगर के सभी व्यापारियों एवं होटल संचालकों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें और शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में निगम का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

**मुकेश रोहिताश बने प्रदेश सचिव**

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए दमोह नगर के पूर्व पार्षद मुकेश रोहिताश को प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया है उनके मनोनयन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सोंगा, प्रदीप खटीक, रावबृजेन्द्र सींग, रजनी ठाकुर, दृगपाल सींग, अजय जाटव ने बधाई दी।

**सपा पार्टी ने सौंपा ज्ञापन**

**दमोह।** सम्राट अशोक क्रांति सेना व सपा पार्टी ने सौंपा ज्ञापन जिसमें बताया कि ग्राम रमपुरा, दमोह में कुशवाहा समाज की महिला श्रीमती अनिता कुशवाहा को रूपनारायण तिवारी द्वारा रास्ते में रोककर गंदी-गंदी गालियां, अभद्र टिप्पणी, तथा जाति सूचक अपशब्दों के साथ संपूर्ण कुशवाहा समाज को यह कहते हुए ललकारा गया। इस अमर्यादित और अपमानजनक घटना से पूरे कुशवाहा समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। संगठनों का हस्ताक्षेप एवं ज्ञापन सौंपा गया दिनांक 30.11.2025 को सम्राट अशोक क्रांति सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा, ओबीसी क्रांति सेना संगठन की राष्ट्रीय सचिव बहन रजनी कुशवाहा सहित पीड़िता के घर पहुँचे, पूरी घटना की जानकारी ली, एवं कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

### उपकाशी में तीन दिवसीय जननायक कार्यक्रम का हुआ समापन

# कलाकारों ने वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य की दी जोरदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा गौड़ सभ्यता के महानायकों पर आधारित नृत्य नाट्य प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के सामने बसस्टैंड सभा मंच पर आयोजित किया गया जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अंतिम दिवस पर रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नाट्य का मंचन कर कार्यक्रम को भावनाओं से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आकर्षक साज सज्जा के साथ रंग बिरंगी लाइटों के बीच विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे की उपस्थिति में किया गया जहां अंतिम दिवस वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य में बताया कि कालिंजर के राजा महाराज कीर्ति सिंह चंदेल की पुत्री दुर्गावती का विवाह गढ़ा के गोण्ड राजवंश के महाराज संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ। दलपत शाह और दुर्गावती दोनों ही अस्त्र-शस्त्र शिक्षा में पारंगत थे, साथ ही दोनों धार्मिक और जनहित के कार्यों में भी रुचि लेते थे। रानी को एक पुत्र पैदा हुआ जिसका नाम वीर नारायण रखा गया। पुत्र अभी छोटा ही था कि दलपत शाह का निधन हो गया। गद्दी पर वीर नारायण को बिठाया गया, लेकिन राजकाज रानी देखती रहीं। मुगल सम्राट अकबर दुर्गावती के सौंदर्य और बहादुरी के चर्चे सुन चुका था और गढ़ा राज्य को अपने अधीन करना चाहता था। इस हेतु उसने रानी को एक सोने का पिंजरा भिजवाया।

रानी पिंजरा भेजने का आशय समझ गईं और उन्होंने जवाब में उतने ही वजन का सोने का पिंजरा भिजवाया, जिसे जुलाहे लोग काम में लाते हैं। अकबर पिंजरा देखकर आगबबूला हो गया और उसने अपने सूबेदार आसिफ खां को हमला करने के लिए हुक्म जारी कर दिया।

पहले हमले में आसिफ खां ने शिकस्त खाई, लेकिन लगातार दूसरे हमले में रानी बहादुरी के साथ लड़ती हुई वीरगति को प्राप्त हो गईं। चौरागढ़ के किले में उनके किशोर वय के वीर पुत्र वीर नारायण भी लड़ते हुए शहीद हुए। किले के अंदर की सैकड़ों महिलाओं ने जौहर कर लिया। मातृभूमि की रक्षा करने के लिए महारानी दुर्गावती का बलिदान हमारे सामने एक ऐसा आदर्श उदाहरण है, जो हजारों वर्ष तक समस्त भारतवासियों को देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देता रहेगा। तीन दिवसीय सांस्कृतिक नाट्य कार्यक्रम के समापन अवसर पर दर्शकों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को उत्साह पूर्ण बना दिया।

# कलेक्टर ने इमलाई में स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

**जोखिम गर्भवती, माह में अनुमानित प्रसव तिथी वाली सभी गर्भवती का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का मौके पर औचक निरीक्षण कर आंकलन किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विकासखंड हिण्डोरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर इमलाई एवं मुड़िया पहुँचे। गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार-पूर्वक मुआयना किया। संस्था में अपेक्षित संख्या में गर्भवती के न पहुँचने पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने सीएचओ, एएनएम की जांच की और पाई गई कमियों पर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता को समझाईश देते हुए कहा कि ड्यू लिस्ट पूर्ण अद्यतन हो। इसमें क्षेत्र की सभी गर्भवती को शामिल किया जाये। जोखिम वाली गर्भवती यथा- सीवियर एनीमिया, पीआईएच, इस माह अनुमानित प्रसव तिथी वाली गर्भवती का नाम स्पष्ट रूप से शामिल हो। इन्हे प्राथमिकता बतौर अवश्य बुलाया जाये। अन्य पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को आवश्यक रूप से केन्द्र में लाकर प्रोटोकॉल अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण कर उपयुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाय की जाये। कलेक्टर ने समझाईश देते हुए कहा भविष्य में तैयार की गई ड्यू लिस्ट में खामियां न मिलें एक टीम के रूप में ड्यू लिस्ट में शामिल शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को केन्द्र में लाना सुनिश्चित किया जाये। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने विकासखंड पटेरा के वमनपुरा, देवडोंगरा, सतरिया का भ्रमण कर ग्रामीण अंचल में दी जा रही सेवाओं का औचक निरीक्षण किया गया। सतरिया में तुलनात्मक रूप से संतोषजनक स्वास्थ्य सेवा देना पाया गया, सेवा में सुधार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। डॉ. चटर्जी ने वमनपुरा, देवडोंगरा में कार्यरत स्वास्थ्य प्रदाताओं को ड्यू लिस्ट किस तरह से बनाई जानी है इस बारे में जानकारी प्रदाय की गई। डॉ. चटर्जी ने इमलाई पहुँचकर वहां भी सेवा प्रदाताओं द्वारा सेवाओं में पाई गई कमियों के निराकरण के संबंध में सभी बातों को साझा किया गया।

## धान खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सैलवाडा के निकट मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टि कॉरपोरेशन परिसर में आज धान खरीदी कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चन एवं विधि-विधान से की गई। सेवा सहकारी समिति साँगा क्रमांक 2 सैलवाडा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। धान उपार्जन केंद्र में तौल, भंडारण तथा भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर केंद्र प्रबंधन ने किसानों से निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार अपने-अपने स्लॉट में धान लेकर आने की अपील की, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है तथा खरीदी सीजन के सफल संचालन की उम्मीद जताई गई है। इस दौरान कोऑपरेटिव बैंक मैनेजर तेंदूखेड़ा विक्रम सिंह राजपूत ,शाखा प्रबंधक कमलेश रैकवार ,नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह राजपूत , उपार्जन केंद्र प्रभारी यशवंत त्रिपाठी , डोमन साहू सहायक समिति प्रबंधक तेंदूखेड़ा, राजकुमार ठाकुर ,रामेश्वर साहू ,प्रशांत चौबे उपस्थित रहे।

# हटा विस में मतदाता सूची का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के मार्गदर्शन में एसडीएम राकेश मरकाम की सतत मानीटरिग से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य जिले में सबसे अधिक मतदान केंद्रों वाली हटा विधानसभा में पूर्ण कर लिया गया है।

**जिले में सबसे अधिक मैपिंग हटा में -**

उल्लेखनीय है कि एसआईआर डिजिटाइजेशन के कार्य में सभी बीएलओ की मेहनत वी सक्रियता के चलते सबसे सर्वाधिक मैपिंग हटा विधानसभा में देखी गई वही सबसे कम नो मैपिंग भी हटा विधानसभा प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इसके अलावा सबसे कम एएसडीआर भी हटा में मिले हैं। एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि हटा विधानसभा में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि मजबूत लोकतंत्र सटीक मतदाता सूची से ही संभव है। एसआईआर प्रक्रिया निर्वाचन कार्यों में तकनीकी सुधार,सुगमता तथा जन विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी। अभियान के तहत सभी पात्र मतदाताओं का सही-सही विवरण डिजिटल रूप से दर्ज किया गया है। नए मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य सटीक और शीघ्र होगा। उन्होंने बताया कि हटा विधानसभा के 2 लाख 52 हजार 517 मतदाताओं के 303 मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के बाद सभी प्रविष्टियों का अभिलेखीकरण पूर्ण किया गया। इससे नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम संशोधन, पता परिवर्तन या नाम हटाने के लिए ऑनलाइन सुविधा अब और अधिक आसान तथा तेज गति से उपलब्ध होगी।

एसडीएम ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि या सुधार की आवश्यकता प्रतीत होती है तो तत्काल संबंधित बीएलओ या हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

विधानसभा की इस उपलब्धि पर एसडीएम राकेश मरकाम ने सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ आलोक जैन, उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार शिवराम चढार, राजेश सोनी, मानसी अग्रवाल, प्रीतम सिंह,जनपद सीईओ गोस्वामी, सीएमओ नगरपालिका परिषद राजेंद्र खरे, मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, दिनेश प्यासी, विजय बहादुर सिंह, आरएस चौरसिया, आरपी विश्वकर्मा बृजेश अग्रवाल लक्ष्मण विश्वकर्मा मुकेश गूजरे, कमलेश शर्मा, मुलायम सिंह, केशवेंद्र नामदेव, प्रमोद परोहा नीरज खरे सहित विधानसभा के सभी नागरिकों, सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों तथा टीम के सभी सहयोगी सदस्यों, विभिन्न विभागों के संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

## साहित्यकारों का किया सम्मान



**दमोह।** जबलपुर संस्कारधानी के शहीद स्मारक भवन में कादंबरी संस्था के माध्यम से स्व. आशुतोष तिवारी सम्मान से आगरा की सुभद्रा पांडे एवं प्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम किशोर पटाखा अलीगढ़ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दादा भगवत दुबे ने की। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से 127 साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था। स्वर्गीय आशुतोष तिवारी की स्मृति में उपरोक्त साहित्यकारों को शाल श्रीफल सम्मान पत्र और नकद राशि से सम्मानित किया गया। पदमा ओजेद्र तिवारी द्वारा साहित्यकारों को सम्मानित करने का यह तृतीय वर्ष है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कमान अधिकारी कर्नल प्रताप मोहंती के निर्देशन में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन 02 दिसम्बर को मिलेट्री कैंट ढाना में किया गया। 11 म.प्र. बटालियन एनसीसी सागर द्वारा आयोजित कैंप में सागर, दमोह, के लगभग 500 कैडेटों ने हिस्सा लिया, जहां उन्हें योग, पीटी, ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मेप रीडिंग आप्टिकल, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में कैडेटों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कर्नल प्रताप मोहंती ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है, ताकि वे देश के भावी नेता,अफसर आदि बन सकें। उन्होंने कहा कि कैडेट्स इस 10 दिवसीय कैंप के दौरान जो गतिविधियां संचालित हुई है उसे अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। यदि कैडेट्स पढ़ाई के साथ-साथ एनसीसी में बी औ सी सर्टिफिकेट प्राप्त करते हैं तो उसका लाभ भविष्य में आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और अन्य भर्तियों में बोनस अंक दिए जाते है। एनसीसी कैंपों में कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व, ड्रिल और राष्ट्रभक्ति के गुणों के साथ आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, और सामाजिक सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में कैडेटों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उन्हें जीवन में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रशिक्षण में सुबेदार मेजर मनोज कुमार सिंह, सुबेदार देवेंद्र सिंह, पी आइ स्टाफ, चीफ ऑफिसर एस. एस. राजपूत एवं अन्य एनसीसी अधिकारियों की विशेष भूमिका रही।

# निःशुल्क कोचिंग दमोह के अभी तक 6 छात्रों का कृषि स्नातक कोर्स में हुआ चयन

**दमोह।** जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग के विशेष सहयोग से संचालित समर्पण निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग के नोडल अधिकारी जे.एल. प्रजापति सहायक संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के विशेष मार्गदर्शन में निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। कोचिंग के क्रेश कोर्स बैच 2025 से दमोह जिले के छात्रों का जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय रीवा में नितेश पटेल, कृषि महाविद्यालय बालाघाट में बृजेश पटेल, कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में देवेंद्र पटेल, कृषि महाविद्यालय पन्ना में कु.अनुष्का विश्वकर्मा एवं महात्मा गांधी ग्रामोदय चित्रकूट विश्वविद्यालय में मनीष पटेल एवं मोहित तिवारी का चयन PAT के माध्यम से कृषि स्नातक कोर्स हेतु चयन हुआ है। गौरतलब है जिले में 7 अप्रैल से ढाई महीने का एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग का संचालन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में किया गया था जिसमें कृषि विभाग के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र एवं शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं संचालित की गई थी पहले ही प्रयास में जिले के 06 छात्रों ने सफलता हासिल की है और दमोह का गौरव बढ़ाया।

# शाला त्यागी बालिकाओं का हेल्थ चेक-अप

**दमोह।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के आदेशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेडमैप के आयोजन में तेंदुखेडा के एन.आर.एल.एम. भवन में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण रेडिमेड गारमेंट्स निर्माण विषय पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शाला त्यागी 90 बालिकाएँ इस प्रशिक्षण में प्रतिभागी के रूप में हुनर सीख रही है। 29 नवम्बर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं के हेल्थ चेक-अप किया गया जिसमें खून की जाँच के साथ स्वास्थ्य से जुडी हुई जानकारी या उपस्थित अधिकारियों द्वारा दी गई तथा शाला त्यागी बालिकाओ द्वारा नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। शाला त्यागी बालिकाओं का मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में खाता खुलवाया गया।

## अस्पताल में कंबल दान कर मनाया जन्मदिन

**मडियादो।** भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चौदह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडियादो पहुंचकर मरीजों की सुविधा मिले इस उद्देश्य से कंबल दान किए। प्रबंधन द्वारा कमलेश चौदह को शुभकामनाएं सहित धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन, बसंत अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अंशुल छिरोलिया,प्रमोद जैन, देवेंद्र तिवारी राज गोस्वामी सहित अन्य शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## स्वरोजगारमुखी योजनाओं की दी जानकारी



**दमोह।** उद्यमिता विकास केंद्र दमोह द्वारा आईटीआई नोहटा छात्र एवं छात्राओं को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगारमुखी योजनाओं की जानकारी वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी, मंचासीन आईटीआई प्राचार्य रोजगार अधिकारी श्री लडिया जी ने दी। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने वाले जिला समन्वयक सैडमैप दमोह ने सभी अतिथियों का आभार माना।

## अतिरिक्त कक्षों का हुआ भूमि पूजन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को ग्राम पंचायत बम्होरी पाँजी में स्थित शासकीय पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक विद्यालय परिसर में पीएम श्री अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. परम सिंह, मनरेगा के सहायक यंत्री हरि कृष्ण राज राज उपयंत्री के एस मरावी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा दुबे एवं स्टाफ,ग्राम के सम्मानित नागरिक एवं अभिभावकगण भूमि पूजन के दौरान वक्ताओं ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह भी कहा गया कि नई कक्षाओं के निर्माण से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

## कक्षा 10वीं हेतु निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा।** जिला कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशानुसार उत्कृष्ट विद्यालय तेंदूखेड़ा में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि करना तथा बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के प्रदर्शन को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। कोचिंग कार्यक्रम का संचालन अनुभवी एवं विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की गहन समझ, नियमित अभ्यास तथा परीक्षा-उन्मुख तैयारी में सहयोग प्रदान करेंगे। निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से उन विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा जो आर्थिक विषमताओं के कारण अतिरिक्त शिक्षण सुविधाओं का लाभ नहीं ले पाते थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीतेश पांडे एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रघुराज सिंह ठाकुर ने इस कार्यक्रम को शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे जिले के शैक्षणिक परिणाम बेहतर होंगे और विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होगी। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि कोचिंग के दौरान विद्यार्थियों को नियमित असाइनमेंट, मॉडल पेपर तथा संदेह समाधान सत्र उपलब्ध कराए जाएँ, ताकि उनकी तैयारी पूरी तरह प्रभावी हो सके। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कोचिंग कक्षाएँ प्रतिदिन निर्धारित समय पर संचालित होंगी तथा उपस्थिति का नियमित अनुश्रवण किया जाएगा। विद्यार्थियों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ पंजीकरण कर रहे हैं। इस निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम से तेंदूखेड़ा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई दिशा मिलेगी और अपेक्षित है कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थी उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेंगे।कोचिंग हेतु निम्नानुसार शिक्षकों को दायित्व सौपा गया है सर्वेश कुमार गर्ग, एन एस राजपूत , नरेंद्र अहिरवार , अरविंद यादव ,कुमारी रानी विश्वकर्मा परमलाल अहिरवार, गनेश प्रसाद अहिरवार , सतीश कुमार खरे। व्यवस्थापक में एच एस ठाकुर , परसोत्तम सिंह लोधी आदि शिक्षकों को दायित्व सौंप गया।

## मुड़ारी में गूंजे श्री कृष्ण के संदेश

**बनवार।** मुड़ारी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन जोर-शोर से जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे कथा व्यास पंडित प्रकाश दुबे ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म से लेकर उनके बचपन की लीलाओं और आदर्शों का संक्षिप्त लेकिन प्रभावी वर्णन किया। कथा में बताया गया कि भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया। पूतना वध किया, दही चोरी की, गोपियों को अपना दिव्य स्वरूप दिखाया और सभी को जीवन में भक्ति, न्याय और सच्चाई का संदेश दिया। कथा यजमानों में लोक सिंह, मैदा बाई, हल्लू सिंह, भवानी बाई, इंदुर सिंह, हिम्मत सिंह, जानकी बाई, गीताबाई, राजा बाई, मुन्ना सिंह, हल्की बहू, डिलन सिंह, राम बाई, हुकम सिंह, हीराबाई, देवेंद्र सिंह, दासोदा बाई, नरेंद्र सिंह और भारती बाई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कथा ने सभी को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से प्रेरित किया। जीवन में धर्म, भक्ति और सेवा की महत्ता समझाई कथा आज पूरे दिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति में जारी है और लोग ध्यानपूर्वक कथा सुनकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं।



## गर्भवती माताओं की हुई जांच

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले में पंजीकृत सभी गर्भवती महिलाओं को समय पर सुरक्षित मातृत्व सेवाएँ, उचित उपचार, एवं जटिलताओं की शीघ्र पहचान सुनिशित करने के उदेदश्य से आज जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं यथा- आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित सिविल अस्पताल हटा में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार एवं परामर्श क्लीनिक आयोजित किये गये।इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि संस्था के क्षेत्र अंतर्गत पंजीकृत गर्भवती माताओं यथा- दिसम्बर माह के पहले सप्ताह में अनुमानित प्रसव तिथी वाली नवंबर माह में अनुमानित प्रसव तिथी होने के बावजूद प्रसव न होने वाली तथा चिन्हित सीवियर एनीमिया, मॉडरेट एनीमिया और पीआईएच सहित अन्य जोखिम वाली तथा सामान्य गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जॉच के उपरांत चिन्हित जोखिम गर्भवती माताओं को आवश्यकतानुसार सुरक्षित प्रसव की तैयारी के लिए बर्थ वेटिंग हॉल में शिफ्ट किया गया। गर्भावस्था दौरान देखभाल, जोखिम के लक्षण तथा आयरन-कैल्शियम टैबलेट का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### किसानों से ज्यादा व्यापारियों के लिए वरदान साबित हो रही भावांतर योजना

**पथरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा तय एमएसपी से कम दाम पर भावांतर योजना बनाई गई जिसमें अगर किसानों को मंडी में एमएसपी से कम रेट मिलेगा तो माडल रेट निकाल कर भावांतर योजना के तहत अंतर की राशि दी जाएगी जिसमें किसानों को दी जा रही है। लेकिन अब चर्चा का विषय बना हुआ है कि अभी तक तो ठीक ठाक रहा लेकिन अब सोयाबीन की आवक मंडी में कम हो गई। वही कई किसानों ने भावातंर योजना में नही बेचा जिससे कई किसानों के रजिस्ट्रेशन खाली हैं जिसमें वेयर हाउस में रखा माल मंडी में कागज बन रहें और योजना का लाभ व्यापारियों द्वारा लिया जा है। इसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए कि कही ऐसा ना हो किसानों के नाम योजना और व्यापारियों को वरदान साबित हो जाए।

### जनसुनवाई में 167 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 167 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 10 आधार अपडेशन, 04 प्रसूति सहायता योजना, 05 पी.एम सम्मान निधि, 10 महिला एवं बाल विकास एवं 112 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले की ग्राम कुम्हारी, बांदकपुर सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 33 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 30 आवेदनों का निराकरण किया गया व 03 आवेदन लंबित है।

### खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर स्थित विभिन्न थोक किराना दुकानों एवं फूड प्रोडक्ट्स रीपैकिंग यूनिट्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही में मोरगंज गल्ला मंडी स्थित कैलाश ट्रेडर्स एवं वसुंधरा नगर स्थित शौर्य इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में संग्रहित ब्रजवासी ब्रांड सूजी पास्ता एवं भूना चना के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### रेन बसेरा सेवाओं पर शिकायत के लिए हेल्पाईन नंबर जारी

**दमोह।** दमोह शहर के बस स्टैंड पर स्थित रेन बसेरा एवं जिला अस्पताल में स्थित रेन बसेरा में किसी भी नागरिक या मरीज के परिजनों को रुकने में यदि कोई परेशानी होती अथवा कोई समस्या हो तो दमोह हेल्पलाइन 07812350300 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिला प्रशासन ऐसे नागरिकों की रेन बसेरा में रुकने की तत्काल व्यवस्था करेगा।

### 75 वर्ष की आयु में सेठ ठाकुर प्रसाद राय का निधन

**जबेरा।** समीपस्थ ग्राम पिपरिया कोर ता निवासी सेठ ठाकुर प्रसादराय का 75 वर्ष की लंबी



आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को पिपरिया मुक्तिधाम में किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही ज्ञात हो की सेठ ठाकुर प्रसाद राय एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय जी के दादा एवं राजकुमार राय के पिताजी थे आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

### प्रशासन व पुलिस सक्रिय, सभी बच्चों को तवरित इलाज के लिये लाया गया

# अरंडी के बीज खाने से 45 बच्चे बीमार, जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के किशनगंज ग्राम में मंगलवार को बड़ी संख्या में बच्चों ने गलती से अरंडी के बीज का सेवन कर लिया। अरंडी के बीज खाने से अचानक बच्चों की हालत बिगड़ गई जिससे हड़कंप के हालात बने रहे। प्रारंभिक तौर पर दो दर्जन बच्चों को जिला चिकित्सालय लाया गया था, लेकिन शाम तक बीमार बच्चों की संख्या बढ़कर 45 हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस अमला भी मौके पर पहुंचा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तुरंत स्थिति को संभाला और आवश्यक कदम उठाए। जिला अस्पताल में 45 बच्चों का इलाज जारी है। अरंडी के बीज खाने के बाद बच्चों में बेहाशी, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण सामने आए। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराए जाने से वहाँ अफरा तफरी का माहौल बन गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सूचना मिलते ही एसडीएम आर.एल. बागरी को तुरंत जिला



चिकित्सालय भेजा। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल से भी बात की और बच्चों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। एसडीएम आर.एल. बागरी, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल और जिला शिक्षा अधिकारी तुरंत जिला अस्पताल पहुँचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया ने बच्चों की संख्या 45 होने की पुष्टि की और बताया कि सभी का इलाज जिला अस्पताल में बच्चों के डॉक्टरों की मौजूदगी में जारी है। राहत की खबर यह है कि फिलहाल कोई भी बच्चा गंभीर स्थिति में नहीं है। जिला चिकित्सालय में इस समय चिकित्सकों की पूरी टीम और स्वास्थ्य विभाग का अमला बच्चों के इलाज में जुटा हुआ है। मंत्री लखन पटेल ने प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि"सभी बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया है। मैं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संपर्क में हूँ और सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बच्चों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।" पुलिस ने गाँव में मुनादी कर अन्य बीमार बच्चों को अस्पताल पहुँचाया बच्चों की संख्या लगातार बढ़ने की आशंका को देखते हुए, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर नरसिंहगढ़ पुलिस ने मामले में सक्रियता दिखाई।

112 डायल पुलिस टीम के प्रधान आरक्षक राधेश्याम, आरक्षक जितेंद्र, अनिरुद्ध दांगी और एनआरएस राजा खान ने पूरे गाँव में मुनादी (अनाउंसमेंट) करके शेष बीमार बच्चों को ढूँढा। मुनादी इसलिए की गई ताकि अगर किसी और बच्चे ने अरंडी के बीज खाए हों या वह बीमार हो, तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाया जा सके। इस सक्रियता के चलते कई अन्य बच्चों को भी समय पर जिला अस्पताल पहुँचाया जा सका। विदित हो कि बच्चों द्वारा अनजाने में अरंडी के बीज का सेवन कर लेने की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रहती हैं, लेकिन किशनगंज में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार होने से पूरे जिले में चिंता का माहौल है।

## परीक्षा केंद्र यथावत रखने की मांग के लिए दिया ज्ञापन



**मडियादो।** मड़यिादो के लोगो ने मड़यिादो थाना पंहुचकर पुलिस को दमोह कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सोपा,जिसमें मड़यिादो स्कूल का परीक्षा केंद्र यथावत रखने की मांग की गई है। आज मंगलवार सुबह 11.30 बजे अविभावक,जनप्रतिनिधि मड़यिादो थाना पँहुचे और ज्ञापन दिया ज्ञापन में बताया गया कि बोर्ड परीक्षा 2025-26 हेतु काईखेड़ा गांव के स्कूल को नवीन परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं जबकि विगत 30 साल से मड़यिादो स्कूल के परीक्षा केंद्र में परीक्षा आयोजित कराई जाती रही,केंद्र बदलने से आसपास के दर्जनों गांव के परीक्षार्थियों को अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी लिहाजा परीक्षा केंद्र यथावत रखने की मांग लोगो द्वारा की गई है। इन्होंने दिया ज्ञापन - मडियादो में छात्रों का परीक्षा केंद्र यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन देने भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन, जनपद उपाध्यक्ष हटा प्रतिनिधि अनमोल छिरोलिया, बसंत अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अंशुल छिरौ सक्कु कचेरा,शैलेन्द्र सोनी, भगवानदास राजपाली, राजेंद्र छिरोलिया, अंकित छिरोलिया, मुकेश छिरोलिया, कृपाल सेन , शारदा साहू सहित अन्य लोग पहुंचे।

## पुलिस अधीक्षक ने तीन प्रकरणों में ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत तीन प्रकरण में बारह हजार पाँच सौ रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 101/2023 धारा 379 भादवि. के तहत आरोपी समोद बहेलिया पिता भूरे बहेलिया उम्र 27 साल निवासी नगला उसर थाना कुरावली जिला मैनपुरी उत्तरप्रदेश पर 03 हजार रूपये, थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 122/25 धारा 108,3,(5) बीएनएस के तहत अरोपिया श्रीमती देवकी यादव पति रमेश यादव निवासी परासई थाना तेजगढ़ जिला दमोह पर ढाई हजार रूपये तथा थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 192/25 धारा 331(4), 305 (a) बीएनएस के तहत मंगल पिता शंकर वंशकार कैदों की तलैया थाना कोतवाली दमोह एवं सरमन बर्मन पिता भैयन बर्मन उम्र 26 साल निवासी किशन तलैया थाना दमोह देहात पर ढाई-ढाई हजार रूपये एवं राहुल अहिवार पिता नन्हें अहिरवार उम्र 18 साल निवासी किशन तलैया थाना दमोह देहात पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों, की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

### सरकार से जवाब मांगने उठी गर्जना

# 40 किमी दंडवत चलकर दमोह पहुंचे 'अनाथ किसान'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की "अनाथ किसान दंडवत यात्रा" आज दमोह में समाप्त हो गई। किसान खर्राघाट (खर्राधाम) से दंडवत करते हुए करीब 40 किलोमीटर की कठिन यात्रा तय कर दोपहर बाद कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर पांच सूत्रीय मांगों पर तुरंत कार्यवाही की मांग की। किसानों ने कहा कि वादे अधूरे हैं, फसलों के दाम गिर चुके हैं, बिजली कटौती जारी है और खाद संकट ने कमर तोड़ दी है।

"सरकार विज्ञापनों में किसान हितैषी है, लेकिन जमीन पर किसान आज भी अनाथ है," कवि चंद्रभान सिंह लोधी ने कहा। किसानों की प्रमुख मांगें—धान का समर्थन मूल्य 3100 रू, मक्का का 2500रू प्रति क्विंटल, मंडी चुनाव तुरंत, खेती हेतु दिन में बिजली, और खाद-यूरिया का वितरण सिर्फ सरकारी राशन दुकानों से हो, ताकि कालाबाजारी रुक सके। जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह लोधी ने सवाल उठाया कि दमोह के सांसद, विधायक और मंत्री किसान हितों पर मौन क्यों हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी न हुईं तो दमोह के सभी बीजेपी नेताओं के घरों का घेराव किया जाएगा।

यात्रा में प्रमुख रूप से चंद्रभान सिंह लोधी, दृगपाल सिंह लोधी, राजा खान बंदरकोला, दुर्गेश सिंह, एडवोकेट नरेंद्र प्रताप सिंह, राजा अरविंद सिंह, रवि सिंह (ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष), राजा खान, मुकेश सिंह, नीलेश सिंह, पूरन सिंह, लोकेश सिंह, द्वारका सिंह, निरपत सिंह, नरेश सिंह, मानसिंह यादव, युवा कवि अनुज अंगार, रोहित सिंह, वीर पटेल, राहुल सिंह, पुष्पेंद्र लोधी, अभिमन्यु सिंह, जगत करौंदी सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

कलेक्टर कार्यालय के बाहर भारी सुरक्षा बल मौजूद रहा, लेकिन पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने साफ कहा कि अब वे मुख्यमंत्री से सीधे आदेश का इंतजार कर रहे हैं— और जवाब मिलने तक आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

## सिद्धार्थ मलैया ने छात्राओं को सम्बोधित किया




**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू कॉलेज में चल रही विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता जिसमें मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया अध्यक्षा गोविन्द प्रसाद चौधरी प्राचार्य के एन कॉलेज व विशिष्ठ अतिथि अजय मिश्रा टाईम प्राचार्य टाईम्स पब्लिक स्कूल रहे जिसमें सिद्धार्थ मलैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदूषण के कारण प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय दिल्ली जैसे शहरों में गंभीर वायु गुणवत्ता की स्थिति को देखते हुए लिया गया है। इन स्कूलों को अगली सूचना तक ऑनलाइन कक्षाओं में स्थानांतरित कर दिया जाता है ताकि बच्चों को उच्च स्तर के वायु प्रदूषण से बचाया जा सके इसलिए हमें अपने स्वस्थ को लेकर सजक रहना पड़ेगा व मोबाइल के अधिक उपयोग से परहेज करने को कहा प्रतियोगिता प्रभारी भारती चौरसिया बताया कि के.एन. कॉलेज व टाइम्स स्कूल की छात्र-छात्राएं कर रही हैं अपनी कला का प्रदर्शन यह पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें संस्था का उद्देश्य है कि शहर में शासकीय खाली पड़ी दीवारों में चित्र भर जाने से दीवालो की सुंदरता बढ़ जाएगी अपना दमोह स्वच्छ और सुन्दर लगने लगेगा व छात्र छात्राओं को अपनी कला दिखाने का एक नया अवसर प्राप्त होगा। जिसमे भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, रितेश सोनी, सुरजीत सिंह, जितेंद्र राजपूत, राजकुमार सेन, गीतेश अठया, छुटका दुबे व सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं की सहभागिता रहीं।

## विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बने अमित चौहान



**दमोह।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. दमोह वृत मे नवआगंतुक अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। म.प्र. विद्युत कर्मचारी संघ फेडरशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री लक्ष्मण सिंह राजपूत, संजय पलनीटकर अध्यक्ष यूना. फोरम, सूरज पटैल, दमोह अध्यक्ष मनीष दुबे, सचिव नितिन श्रीवास्तव, राज दुबे, सचिव उत्तर संभाग चंदन पटैरिया, आकाश सेन, सुशील विद्यार्थी, एवं साथियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान के साथ कार्यपालन अभियंता एम. एल. साहू, ईजी. मोहन सुलया एवं निज सहायक पी.एल. विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर अमित चौहान ने सभी कर्मचारियों से सहयोग की भावना से कार्य करने की अपील की, एवं सभी के साथ टीम भावना से कार्य करने की मंशा व्यक्त की। जिस पर कर्मचारी नेता लक्ष्मण सिंह राजपूत ने सभी कर्मचारियों की ओर से अश्वस्त किया कि हम सभी आपके साथ पूर्ण सहयोग की भावना से कार्य करेंगे एवं दमोह वृत को कंपनी स्तर पर अग्रणी स्थान पर लाने के लिये सभी कर्मचारी पूर्ण लगन से कार्य करेंगे। स्वागत समारोह सौहाद्र पूर्ण बातावरण में सम्पन्न हुआ।

## कृषि उपज मंडी में भगवान भरोसे चल रही व्यवस्थाए

**पथरिया।** एक तरफ प्रदेश के मुखिया व स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने आप एको किसानों की हितैषी बता रहे हैं लेकिन उन्ही के क्षेत्र में किसानों के लिए कृषि उपज मंडी में व्यवस्था के नाम पर क्या है, कुछ नही। मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है और सब अपने आप को जनहितैषी बता देने से अकेले कुछ नहीं कभी हकीकत भी देखना चाहिए कि आखिर में मंडी में किसानों के लिए क्या क्या सुविधाएं मिल रही या फिर कागजों पर सब कुछ चल रहा है। किसानों के लिए 5 रूपए में भोजन व्यवस्था बंद है। वहीं शौचालय व रूकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं। अच्छी खासी भीड़ भाड़ होने के बाद भी शासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा कि किसानों को लाभ मिलें बिचौलियों से बचने के लिए किसान कृषि उपज मंडी अपना अनाज लेकर आता है पर व्यवस्था के नाम पर कुछ नही मंडी के प्रभारी सचिव को तेंदूखेड़ा,जबेरा,पथरिया का प्रभार सौंपा गया। मतलब कही एक जगह तो व्यवस्था सही हो पर जहां आवक ज्यादा है वहां तो जिम्मेदार अधिकारी रहना चाहिए कि किसानों को समय पर उनकी परेशानी को समझ कर निदान कर सकें पर नही। जिससे किसानों को परेशानी हो रही है।

# पोस्ट ऑफिस जबेरा में भर्रा शाही का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा केंद्र सरकार के भारतीय डाक विभागद्वारा संचालित सब पोस्ट ऑफिस जबेरा में इस समय जितने भी कर्मचारी पदस्थ हैं कोई भी कर्मचारी अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहा है। वर्तमान में ना तो पोस्ट ऑफिस समय से खुलता है ना ही समय पर बंद होता है यहां तक की कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर के पोस्ट ऑफिस जाता है तो उसे किसी कर्मचारी के न होने का बहाना बनाकर के अगले कार्य दिवस के लिए टाल दिया जाता है। डाक वितरण की व्यवस्था इतनी लाचर है कि रजिस्टर डाक तो दो-चार दिन लेट करके बांट दी जाती है परंतु साधारण डाक हितग्राही को देना अपनी जिम्मेदारी नहीं मानते है। वर्तमान में अधिकांश नागरिकों के द्वारा अपने आधार कार्ड में जरूरी सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन करवाने पर पोर्टल चार्ज 150 रू लिया जाता है। आधार अपडेट होने पर पोस्ट ऑफिस के द्वारा साधारण डाक से संबंधित व्यक्ति के पते पर आधार अपडेट करके भेजा जाता है जिसकी अधिकतम तय सीमा 15 से 30 दिवस की होती है लोगों के द्वारा जब पोर्टल से आधार अपडेट की जानकारी ली जाती है तो बताया जाता है कि आपके पते पर डाक द्वारा आपका आधार भेज दिया गया है। लोगों के द्वारा जब पोस्ट ऑफिस जाकर के पता किया जाता है कि उनका आधार कार्ड आया है क्या तो बताया जाता है कि यहां पर रजिस्टर्ड डाक बांटने की भी सुविधा नहीं है साधारण डाक कौन पूछता है पोस्ट ऑफिस के ही एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पोस्टमैन के द्वारा साधारण डाक को कचरे के डिब्बे में फेंक दिया जाता है चूंकि क्षेत्र की अधिकांश जनता गरीब त पके से आती है कियोस्क सेंटर से आधार निकलवाने पर उनसे शुल्क लिया जाता है डाक विभाग के कर्मचारियों की उक्त लापरवाही को देखते हुए लोगों ने मांग की है कि रजिस्टर्ड डाक की भांति लेट ही सही परंतु साधारण डाक का वितरण भी विभाग के द्वारा सुनिश्चित किया जावे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनता ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात



**तारादेही।** रविवार को तारादेही मंडल क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का एपिसोड देखा और सुना मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी ने बताया कार्यक्रम बूथ क्रमांक 271 बम्हौरी बूथ क्रमांक 286 में जनता और कार्यकर्ताओं के साथ देखा गया मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी ने कहा कि मन की बात निरंतर प्रेरणा का स्त्रोत्र है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने द्वारा मंगल ग्रह पर ड्रोन उड़ाने संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रमों भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने अयोध्या में राम मंदिर पर धर्म ध्वजारोहण और नवंबर माह में देश की कई उपलब्धियां का जिक्र किया है। यह कार्यक्रम भाजपा मंडल तारादेही में संपन्न हुआ प्रदेश में 34 वा स्थान और जिले में तीसरा स्थान एवं विधानसभा में पहला स्थान प्राप्त किया तारादेही मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष संजीव मिश्रा बलवंत सिंह परसराम पटेल नारायण पटेल पवन यादव रत्नेश साहू अशोक रजक सरन यादव संतोष यादव विपिन सेन बिलतरा सरपंच धन सिंह मोहित पटेल गुलाई करपेटी धर्मेंद्र लोधी रवि यादव मौजूद थे।

# हिंडोरिया छात्रावास का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

### छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर अचानक रात्रि में हिंडोरिया पहुँचे और वहाँ स्थित शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर श्री कोचर ने छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों से सीधी संवाद करते हुए उन्हें बेहतर अध्ययन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा यदि एक छात्र भी आगे निकलता है तो वह दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। आप पढ़ाई, खेलकूद या किसी भी क्षेत्र में अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ें और कुछ अच्छा करने की कोशिश करें। उन्होने विद्यार्थियों से उनकी सुविधाओं व समस्याओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। हिंडोरिया से जिला मुख्यालय की दूरी अधिक नहीं होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा छात्र चाहें तो दमोह पहुँचकर भी अपनी समस्याएँ उनसे साझा कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग की संयोजक अदिति शांडिल्य, नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।